<u>समाचार</u>

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने किया के विभिन्न वार्डो का दौरा

(निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखने के दिए निर्देश)

कोरबा 27 नवम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के टी.पी.नगर जोन व कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न वार्डो का अधिकारियों के साथ दौरा किया। उन्होने विभिन्न विकास कार्यो, साफ–सफाई व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया तथा कार्यो की गुणवत्ता के परीक्षण के साथ ही बेहतर साफ–सफाई कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज टी.पी.नगर जोन व कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न वार्डो यथा वार्ड क्र. 23 कांशीनगर नुरी मस्जिद स्थित विभिन्न मोहल्लों में, वार्ड क्र. 32 रामपुर बस्ती, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया बस्ती सहित अन्य वार्डो का अधिकारियों के साथ दौरा किया। निरीक्षक के दौरान टी.पी. नगर स्थित क्षत्रिय राठौर समाज एवं कुर्मी राठौर समाज के सामुदायिक भवनों के विकास व उन्नयन कार्य का निरीक्षण, वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा बस्ती में नाला निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 20, वार्ड क्र. 33 व रवि डेयरी के पीछे सी.सी. रोड का निरीक्षण एवं कोहड़िया बस्ती में बी.टी.सडक डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्र. 33 में आमनागरिकों से रूबरू होते हुए उनकी विभिन्न मांगों व समस्याओं से संबंधित विकास कार्यो को जाना और निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यो से हो रहे लाभ के बारे में उन्हें बताया। भ्रमण के दौरान वार्ड क्र. 23

कांशीनगर, वार्ड क्र. 33 रामपुर बस्ती एवं वार्ड क्र. 16 कोहड़िया बस्ती में जर्जर एवं मरम्मत योग्य सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य कराने एवं पानी की उचित निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जहॉ कहीं भी खुली नालियों स्लेब खुले हो उनको कबर्ड करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्डो में निर्मित सी.सी. रोड का निरीक्षण किया, गुणवत्ता को देखा तथा सड़क में पानी का जमाव न हो इसके लिए स्थाई व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

साफ–सफाई कार्यो में कोताही न बरतें– भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त सभी वार्ड एवं बस्तियों में साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से जायजा लिया तथा साफ–सफाई कार्यो में किसी प्रकार की उदासीनता न बरतने तथा नियमित रूप से सफाई कार्यो का संपादन किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित मानक के अनुरूप प्रतिदिन सफाई कार्य कराएं, संग्रहित कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन सुनिश्चित करें तथा स्वच्छता पर विशेष नजर रखें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, उप अभियंता विनोद गोंड़, सोमनाथ डेहरे, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधिगण आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।